भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-1458

उत्तर देने की तारीख-12/03/2025

झारखंड में आईएसएम विश्वविद्यालय

1458 # श्री खीरू महतो:

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) झारखंड राज्य में कितने विज्ञान और प्रबंधन संस्थान (आईएसएम) विश्वविद्यालय खोले गए हैं;

(ख) क्या केन्द्रीय सरकार की झारखंड के रामगढ़ में आईएसएम विश्वविद्यालय खोलने की योजना है;

(ग) यदि हां, तो रामगढ़ में आईएसएम विश्वविद्यालय कब तक खोले जाने की संभावना है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) से (घ): वर्तमान में, झारखंड राज्य में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्थापित उच्चतर शिक्षा संस्थानों में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (इंडियन स्कूल ऑफ माइंस) धनबाद, भारतीय प्रबंधन संस्थान, रांची, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, रांची, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जमशेदपुर और झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय, रांची शामिल हैं।

निजी स्व-वित्तपोषित संस्थान विभिन्न विश्वविद्यालयों से संबद्ध होते हैं, तथा निर्धारित नियमों का पालन करने के पश्चात विभिन्न विनियामक/संवैधानिक निकायों के अनुमोदन से पाठ्यक्रम संचालित करते हैं।

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) शिक्षा मंत्रालय के अधीन एक सांविधिक निकाय है, जो तकनीकी संस्थानों को डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर तकनीकी शिक्षा में पाठ्यक्रम संचालित करने का अनुमोदन प्रदान करता है।

झारखंड में 48 संस्थान हैं जो एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित कर रहे हैं, इनमें से 2 संस्थान रामगढ़ में हैं।

*****